संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक – 864 /परीक्षा/ई–02/2023 अम्बिकापुर, दिनांक, 18/10/2023

अधिसूचना

अवर सचिव छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटलनगर रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–23/2023/38–2 नया रायपुर अटलनगर दिनांक 05.10.2023 द्वारा छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 38(2) में निहित प्रावधान के अंतर्गत संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) के अध्यादेश क्रमांक 6–112 में प्रस्तावित किये गये संशोधन का अनुमोदन माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा किया गया है।

उपरोक्तानुसार इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई शैक्षणिक सत्र 2022–23 की मुख्य/वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अधिकतम 02 विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता प्रदान किया गया है। उक्त संशोधन के फलस्वरूप पूर्व में घोषित परीक्षा परिणाम जिसमें एक विषय में पूरक की पात्रता के साथ संशोधित परीक्षा परिणाम में जिन परीक्षार्थियों को दो विषयों में पूरक की पात्रता प्राप्त हुई है ऐसे परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु निम्नानुसार तिथि घोषित की जा रही है –

1	बी.ए./बी.कॉम./बी.एस–सी./बी.एस–सी. (गृह विज्ञान)/बी.सी.ए./बी.ए.–शास्त्री/डिप्लोमा इन फार्मेसी/बी.ए.–बी.एड/बी.बी.ए. भाग–एक, दो एवं तीन बी.पी.ई. भाग–एक, दो, तीन एवं चार परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि	दिनांक 18.10.2023 से 27.10.2023 तक
2	महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों का आवेदनपत्र विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 31.10.2023

टीप– पुर्नमूल्यांकन/पुर्नगणना/UFM/अघोषित परीक्षा परिणाम वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित होने के सात दिवस के भीतर परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

1. समस्त परीक्षाओं के परीक्षा आवेदनपत्र केवल ऑनलाइन ही भरे जावेंगे।
2. परीक्षा आवेदनपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट– www.sggcg.in लिंक पर "ऑनलाइन फार्म भरने के लिए यहां क्लिक करें" पर उपलब्ध है।
3. परीक्षार्थी ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् ऑनलाइन आवेदनपत्र, Declaration Form, परीक्षा शुल्क (चालान की विश्वविद्यालय प्रति एवं महाविद्यालय प्रति सहित) एवं अर्हतादायी परीक्षा के अंकसूची तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति (स्वहस्ताक्षरित अथवा ऑनलाइन भुगतान की रसीद सहित) के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में ही जमा करें।
4. परीक्षार्थी संलग्न शुल्क तालिका के अनुसार ही परीक्षा शुल्क जमा करें।
5. विश्वविद्यालय के प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी सत्यापित कर सूची के साथ अग्रेषित कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
6. पूरक परीक्षा का समय–सारणी शीघ्र जारी की जावेगी।

(कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)

आदेशानुसार

कुलसचिव

D.1-39

पृ. क्रमांक– 865 /परीक्षा/ई–02/2023 अम्बिकापुर, दिनांक, 18/10/2023

प्रतिलिपि –

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, राजीव गांधी भासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
3. विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र की ओर छात्रों को अधिक से अधिक सूचना देने की आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
6. वित्त अधिकारी/सहायक कुलसचिव/विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त/अकादमिक/गोपनीय/परीक्षा/भण्डार/प्रॉक्टर/सम्पदा अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
7. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. आनलाइन पोर्टल।
8. प्रबंधक, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, विश्वविद्यालय शाखा, अम्बिकापुर।
9. विश्वविद्यालय सूचना–पटल।
10. सम्बन्धित नस्ती।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

D.t-40